# एक लाख युवाओं को 28 सेक्टर में प्रशिक्षण, 70 हजार को देंगे नौकरी

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग ने युवाओं को विभिन्न सेक्टरों में सेवायोजित कराने के लिए बड़ी पहल की है। इसके तहत पांच साल में एक लाख युवाओं को 28 सेक्टरों में प्रशिक्षण देने का लक्ष्य तय किया गया है। इसमें से 70 हजार को नौकरी भी दिलाई जाएगी। इसके लिए राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद (एससीवीटी) ने गौतमबुद्ध नगर स्थित नोएडा अपैरल एक्सपोर्ट क्लस्टर (एनएईसी) के साथ बृहस्पतिवार को एमओयू किया है। एमओयू प्रमुख सचिव व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता डॉ. हरिओम तथा विशेष सचिव व निदेशक एससीवीटी अभिषेक सिंह की उपस्थिति में हुआ।

डॉ. हरिओम ने बताया कि समझौते के पहले चरण में पश्चिमी यूपी के 18 जिलों के 128 ब्लॉकों और 10323 ग्रामों से जुड़े युवाओं को अल्पकालीन कौशल प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके बाद उनको औद्योगिक इकाइयों में सेवायोजित कराया जाएगा। इसमें कुल प्रशिक्षणार्थियों में 50 फीसदी महिलाएं होंगी। उन्होंने बताया कि एनएईसी देश का प्रमुख रेडीमेड गारमेंट एक्सपोर्ट क्लस्टर है। इसके माध्यम से वस्त्र उद्योग की जरूरतों के अनुरूप प्रशिक्षण दिया जाएगा।



राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद ने अपैरल एक्सपोर्ट क्लस्टर के साथ किया एमओयू

प्रशिक्षण से लेकर प्लेसमेंट तक की पूरी प्रक्रिया संस्था करेगी। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षार्थियों के मूल्यांकन और प्रमाणपत्र देने का काम एससीवीटी करेगी। हर प्रशिक्षणार्थी के लिए 1200 रुपये प्रमाणन शुल्क एनएईसी एससीवीटी को देगा। यह एमओयू प्रदेश में कौशल विकास, व्यावसायिक शिक्षा और उद्यमशीलता को नई दिशा देने वाला साबित होगा।